आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 13.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ मेला शुरू।
- उत्तराखंड से प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिये प्रदेश सरकार ने विशेष प्रबंध किये हैं।
- प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिये केवल पन्द्रह दिन शेष, तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी सरकार।
- राज्य में बारिश व बर्फबारी से तापमान में गिरावट, आज और कल अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहने की उम्मीद।

प्रयागराज कुंभ

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालु पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। इस भव्य आयोजन का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के साथ होगा। 144 वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। कल करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। अनुष्ठान स्नान के अलावा लाखों श्रद्धालु संगम पर कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन कर रहे हैं। श्रद्धालू के लिए सुचारू और आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है

प्रयागराज कुंभ – उत्तराखंड तैयारियां

प्रयागराज महाकुंभ के लिये उत्तराखंड से जाने वाले श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिये विशेष प्रबंध किये गये हैं। राज्य से तीर्थयात्री बस, ट्रेन और हवाई सेवा के जरिये महाकुंभ के लिये प्रयागराज जा सकते हैं।

महाकुंभ के दौरान देहरादून से प्रयागराज के लिए दो विशेष बसें संचालित की जा रही हैं। यह बसें दून से हरिद्वार व लखनऊ–रायबरेली होते हुए प्रयागराज जाएंगी। साधारण बस रोजाना सुबह 10 बजे और

दूसरी सुपर डीलक्स वॉल्वो बस रोजाना शाम पांच बजे देहरादून के आइएसबीटी से प्रयागराज के लिये रवाना होगी। वहीं, उत्तर रेलवे मंडल ने दून वासियों को महाकुंभ मेले में पहुंचाने के लिए विशेष आरक्षित ट्रेन दून–फाफामऊ एक्सप्रेस शुरू की है। यह ट्रेन देहरादून रेलवे स्टेशन से 18, 21, 24 जनवरी को देहरादून से रवाना होगी। साथ ही फरवरी माह की 9, 16 और 23 तारीख को भी इस विशेष ट्रेन का संचालन करने की योजना है।

इसके अतिरिक्त, देहरादून एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिए सीधी हवाई सेवा संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जो केवल रविवार को उपलब्ध होगी।

उत्तरायणी मेला

बागेश्वर जिले में आज रंगारंग झांकियों के साथ उत्तरायणी मेले का शुभारम्भ हुआ। ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का उदघाट्न कुमाउं कमिश्नर दीपक रावत और बागेश्वर जिले के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने किया। उन्होंने तहसील परिसर से झांकियों को हरी झंडी दिखाई, जो शहर में मुख्य बाजार से होते हुए नुमाईशखेत मैदान पहुंची। एतिहासिक और सांस्कृतिक परिवेश को अपने में समेटे झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले को भव्य तरीके से मनाने के लिए प्रशासन की ओर से पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन

देहरादून में कल पहला अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में राज्य में निवेश, पर्यटन, कौशल विकास और कृषि क्षेत्र में संभावनाओं पर गहन विचार–विमर्श किया गया। देर शाम तक चले चार सत्रों में हुए इस आयोजन में विशेषज्ञों ने प्रदेश को हर क्षेत्र में संभावनाओं से भरपूर बताते हुए निवेश के लिए उत्साहजनक पहल करने की बात कही। सम्मेलन के दौरान एक सत्र को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य में जैविक खेती को पचास प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। मिलेट्स के लिए उत्तराखंड की अनुकूल स्थिति को रेखांकित करते हुए उन्होंने उत्पादन को दोगुना करने की दिशा में कार्य करने की योजना बताई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर और उससे जुड़ी चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। आयोजन के अंत में प्रवासी उत्तराखंडियों और विशेषज्ञों का सम्मान किया गया। माना जा रहा है कि यह सम्मेलन उत्तराखंड के विकास के लिए नए रास्ते खोलेगा और राज्य के युवाओं और उद्यमियों को नई प्रेरणा देगा।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने डॉकिंग से पहले स्पैडेक्स कार्यक्रम के तहत अपने दो उपग्रहों को स्थिर करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इसरो ने चेसर और टारगेट उपग्रहों को सुरक्षित दूरी पर ले जाने से पहले उन्हें तीन मीटर की दूरी पर लाने में सफलता प्राप्त की।

लोहड़ी

आज लोहड़ी का त्यौहार है। लोहड़ी से सर्दियों की लंबी रातों का क्रम घटता है और गर्मियों के लंबे दिनों की शुरुआत होती है, क्योंकि सूर्य आज से उत्तरी गोलार्ध की ओर अपनी यात्रा आरंभ करता है। लोहड़ी के त्यौहार में अलाव जलाने की परंपरा रही है, जो बुरी शक्तियों के नष्ट होने और सौभाग्य के आगमन का प्रतीक मानी जाती है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी' पर्व की शुभकामनांए दी है। लोहड़ी पर्व जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसी भाईचारे एवं सद्भाव का यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व खुशहाली लाए।

तैयारियां

उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिये अब केवल पन्द्रह दिनों का समय शेष है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है। 28 जनवरी से बास्केटबॉल की प्रतियोगितांए शुरू होंगी। इसके बाद 29 जनवरी से वुशु, रग्बी, बैडमिंटन और शूटिंग के खेल संपन्न कराये जांएगे। 30 जनवरी से वेट लिफ्टिंग और स्क्वैश का आयोजन किया जाएगा और इसी दिन से गोल्फ खेल का आयोजन भी प्रस्तावित है। एक फरवरी से तीरंदाजी और लॉनबॉल की प्रतियोगितांए शुरू होंगी। इसके बाद पांच से ग्यारह फरवरी के बीच टेनिस प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया जाएगा। एथलेटिक्स खेल आठ से 12 फरवरी के बीच आयोजित किये जांएगे।

तैयारियां – अंतिम रूप

राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन को बेहतर तरीके से संपन्न करने के लिये प्रदेश में तैयारियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। खेलों के आयोजन स्थलों पर बेहतर सुविधांए देने के साथ ही शासन–प्रशासन स्तर पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में हल्द्वानी के ट्रचिंग ग्राउंड को ग्रीन बेल्ट में बदलने का काम किया जा रहा है। मुख्य नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने ट्रचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर फैले कूड़े के निस्तारण को लेकर में निगम की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही इसके परिणाम धरातल पर दिखाई देंगे।

इस बीच, प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज रुद्रपुर के मनोज सरकार स्टेडियम में वॉलीबॉल और हैंडबॉल के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनकी तैयारी के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत के साथ राष्ट्रीय खेलों की तैयारी करने के लिये प्रेरित किया।

गिरफ्तारी

नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत हरिद्वार जिले में पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। अलग–अलग स्थानों से पकड़े गये इन तस्करों से पुलिस ने शराब और लाखों रुपए की स्मैक बरामद की है। सभी आरोपियों को आबकारी व नारकोटिक्स अधिनियम में चालान कर जेल भेज दिया है।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल हुई बारिश और बर्फबारी के बाद आज अधिकांश हिस्सों में धूप खिली है। बर्फबारी वाले विभिन्न स्थानों में पर्यटकों की आवाजाही का सिलसिला जारी है। चमोली जिले के औली में हुई बर्फबारी के बाद बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे हैं। अन्य हिस्सों में भी पर्यटकों के पहुंचने से व्यवसायियों के चेहरे खिल उठे हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने आज और कल राज्य का मौसम साफ बने रहने का अनुमान व्यक्त किया है। हालांकि, मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 और 16 जनवरी को राज्य के विभिन्न स्थानों में बारिश हो सकती है। इस दौरान दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात का अनुमान है।

मतदान जागरूकता

प्रदेश में नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से "स्वस्थ मतदाता–स्वस्थ लोकतंत्र" थीम पर देहरादून के हाथीबड़कला स्थित सर्वे स्टेडियम में कल 10 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना, आईटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस और विभिन्न संस्थानों से जुड़े एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि यह दौड़ 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ी गतिविधियों का हिस्सा है। मतदान के महत्व पर जोर देते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग, अपने साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढ़े नौ बजे टीबी–मुक्त भारत विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। चर्चा के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

में उप–महानिदेशक प्रोफेसर उर्वशी बी. सिंह हमारे स्टूडियो में मौजूद रहेंगी। श्रोता, हमारे विशेषज्ञ से टेलीफोन नंबर 011–23 42 10 50 और 011–23 31 44 44 पर अपने सवाल पूछ सकते हैं।

खो–खो विश्‍व कप 2025

खो–खो विश्‍व कप 2025 आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित इस कप के उद्घाटन सत्र में पुरुषों की 20 और महिलाओं की 19 टीमें भाग लेंगी। आज भारतीय पुरुष टीम नेपाल के खिलाफ रात साढे आठ बजे से अपने अभियान की शुरुआत करेगी।